2024-25 खरीफ मौसम के लिए धान की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 2,008 रुपये प्रति क्विंटल

कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने 2024-25 खरीफ विपणन मौसम के लिए भारत की खरीफ फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है। इन लागतों के आधार पर, सी ए सी पी ने खरीफ फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) की सिफारिश की थी जिसे 19 जून, 2024 को भारतीय मंत्रिमंडल ने मंज़ूरी दी थी।

सी ए सी पी गणना के अनुसार, फ़सलों के उत्पादन की लागत में ए2 (वास्तविक भुगतान की गई लागत), ए2+एफ एल (वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य) और सी2 [स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत {भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)}] शामिल हैं। आयोग प्रत्येक फ़सल के लिए उत्पादन लागत का अनुमान लगाने के लिए राज्यवार वास्तविक लागत अनुमान लेता है।

आयोग ने 2022-23 खरीफ मौसम की पैदावार लागत को देखते हुए 2024-25 खरीफ के लिए फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है।

आगामी ख़रीफ़ मौसम में धान के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना 2,008 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। धान की सामान्य और ग्रेड ए किस्मों का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 2,300 रुपये प्रति क्विंटल और 2,320 रुपये प्रति क्विंटल है।

2024-25 खरीफ मौसम के लिए मक्का की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,863 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि इसका समर्थन मूल्य 2,225 रुपये प्रति क्विंटल है।

मोटे अनाजों में, बाजरे की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,963 रुपये प्रति क्विंटल के साथ सबसे कम है। इसके बाद ज्वार और रागी की उत्पादन लागत क्रमशः 2,958 रुपये प्रति क्विंटल और 3,465 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है।

2024-25 खरीफ मौसम के लिए बाजरा, ज्वार (मलदंडी), ज्वार (हाइब्रिड) और रागी का एम एस पी क्रमशः 2,625 रुपये प्रति क्विंटल, 3,371 रुपये प्रति क्विंटल, 3,421 रुपये प्रति क्विंटल और 4,290 रुपये प्रति क्विंटल है।

खरीफ दालों में तुअर (अरहर), उड़द और मूंग की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 6,504 रुपये प्रति क्विंटल, 6,496 रुपये प्रति क्विंटल और 7,304 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है। 2024-25 खरीफ मौसम के लिए तुअर (अरहर), उड़द और मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 7,550 रुपये प्रति क्विंटल, 7,400 रुपये प्रति क्विंटल और 8,682 रुपये प्रति क्विंटल है।

2024-25 खरीफ मौसम के लिए तिलहनों में मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल और नाइजरसीड की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 5,664 रुपये प्रति क्विंटल, 6,594 रुपये प्रति क्विंटल, 4,291 रुपये प्रति क्विंटल, 8,152 रुपये प्रति क्विंटल और 7,342 रुपये प्रति क्विंटल लगाई गई है।

2024-25 खरीफ मौसम के लिए, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और नाइजरसीड का समर्थन मूल्य क्रमशः 6,783 रुपये प्रति क्विंटल, 7,280 रुपये प्रति क्विंटल, 4,892 रुपये प्रति क्विंटल, 9,267 रुपये प्रति क्विंटल और 8,717 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

सी ए सी पी की गणना के अनुसार 2024-25 खरीफ मौसम के लिए कपास की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 6,230 रुपये प्रति क्विंटल है। मध्यम और लंबे रेशे वाली

कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 7,121 रुपये प्रति क्विंटल और 7,521 रुपये प्रति क्विंटल है।

2024-25 खरीफ विपणन मौसम के लिए फ़सलों की अखिल भारतीय अनुमानित उत्पादन लागत और एम एस पी

फ़सल	**अनुमानित उत्पादन (क्विंटल प्रति हेक्टेयर)**	**2024-25 खरीफ विपणन मौसम की अनुमानित उत्पादन लागत (रुपये प्रति क्विंटल)**			**2024-25 का एम एस पी (रुपये/ क्विंटल)**
		***ए2**	****ए2+एफएल**	***सी2**	
धान (सामान्य)	43.73	1,189	1,533	2,008	2,300
धान (ग्रेड ए)					2,320
ज्वार (हाइब्रिड)	13.56	1,679	2,247	2,958	3,371
ज्वार (मलदंडी)					3,421
बाजरा	16.59	903	1,485	1,936	2,625
रागी	18.04	2,062	2,860	3,465	4,290
मक्का	38.02	1,135	1,447	1,863	2,225
तुअर (अरहर)	10.81	3,677	4,761	6,504	7,550
मूंग	5.18	3,536	5,788	7,304	8,682
उड़द	6.06	3,781	4,883	6,496	7,400
मूंगफली	16.17	3,793	4,522	5,664	6,783
सूरजमुखी के बीज	8.04	4,036	4,853	6,594	7,280
सोयाबीन (पीली)	12.15	2,829	3,261	4,291	4,892
तिल	5.02	3,611	6,178	8,152	9,267
नाइजरसीड	3.72	1,888	5,811	7,342	8,717
कपास (मध्यम रेशा)	15.29	3,845	4,747	6,230	7,121
कपास (लंबा रेशा)					7,521

स्रोत: सी ए सी पी गणना

*ए2: वास्तविक भुगतान की गई लागत

**ए2+एफएल: वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य

#सी2: स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत [भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)]